(b) if so, what are the details of tha proposal and what decision has been taken by Government in the matter?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF CIVIL AVIATION (SHRI JAGDISH TYTLER): (a) Government have not received any proposal from the British Caledonian Air Company to start its air services [t0] and from Calcutta.

(b) Does not arise.

डी०आर०एम० सोनपुर के विरुद्ध भ्रष्टाचार के आरोप

261. **श्री हुक्मदेव नारायण यादव :**
डा० (श्रीमती) सरोजनी महिषी :
डा० बापू कालदाते :

क्या परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कुछ संसद् सदस्यों ने 23 दिसंबर, 1985 के अपने पत्र में बिहार में सोनपुर के डी. आर. एम., श्री के. डी. सिंह के विरुद्ध भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के गंभीर आरोप लगाये थे और उनके विरुद्ध जांच की मांग की थी; और

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में क्या कार्यवाही की गई है ?

रेल विभाग में राज्य मंत्री (श्री माधव राव सिंधिया): (क) श्री हुक्मदेव नारायण यादव, संसद् सदस्य ने अपने दिनांक 23-12-1985 के पत्र के साथ पूर्वोत्तर रेलवे मजदूर सभा द्वारा जारी एक पम्फलेट भेजा था जिसमें श्री के. डी. सिंह, भूतपूर्व मंडल रेल प्रबंधक, सोनपुर के विरुद्ध आरोपों की एक लंबी सूची संलग्न की गई थी और इन आरोपों की जांच करने के लिये कहा गया था।

(ख) शिकायत की जांच पड़ताल की जा रही है।

Workshop on child survival and development

@262. SHRIMATI MAIMOONA SULTAN;
SHRI RAMCHANDRA BHARADWAJ;
SHRI BHAGATRAM MANHAR:

Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT b$_e$ pleased to state:

(a) whether a 3-day workshop on child survival and development was held in Ne^ Delhi under the aegis of UNICEF and thA National Institute of Public Co-operation and Child Development in the first|second week of January thi$_s$ year; and

(b) if so what suggestions were made at the workshop and what is Government's response thereto?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENTS OF YOUTH AFFAIRS AND SPORTS AND WOMEN'S WELFARE (SHRIMATI MARGARET ALVA): (a) Yes, Sir. The Workshop was on "Establishing a Monitoring System for Child Survival and Development in India".

(b) The worshop reached consensus on several important components of the child monitoring system : need for disaggregated data for geographic, socio-economic and cultural sub-groups; need for further work to identify a minimum set of core indicators; improvements in existing data system; use of various methodologies and categories of institutions; training of functionaries; longitudinal data collection.

The workshop also recommended the setting up of a working Group under the overall co-ordination of NIPCCD & UNICEF—

©Previously Unstarred Question No. 18, transferred from the 21st February, 1986.

(i) to finalise a list of critical indicators of child survival and development which could be implemented in a phased manner; and

(ii) to prepare a work plan specifying tbe scope and details of the activities in different stages with targeted outputs, participating agents (institutions and persons responsible), time frame for implementation, mid-course review and conclusion of each state and budget requirements.

The Government has accepted the recommendation .

लोहे के स्लीपरों की ढुलाई के लिये टिस्को द्वारा उपयोग किये गये वैगन

263. **श्री हुकमदेव नारायण यादव :**
डा० (श्रीमती) सरोजनी महिषी :

क्या परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 1977 से 1980 के बीच टिस्को जमशेदपुर ने रेल के वैगनों में लोहे के स्लीपरों को लाद कर भेजा था और उन्हें खाली दिखाकर काला बाजारी से करोड़ों रुपया कमाया था ;

(ख) क्या यह भी सच है कि इस संबंध में रेलवे के अधिकारियों और मैसर्स टिस्को के विरुद्ध एक मामला दर्ज किया गया था ;

(ग) यदि हां, तो ऐसे वैगनों की संख्या कितनी है और इन वैगनों में अनुमानतः लोहे के कितने स्लीपरों का लदान किया गया और उसकी कीमत क्या थी ; और

(घ) क्या सरकार यह पता लगाने के लिये कि क्या यह काम अभी भी जारी है, कोई जांच करने का विचार रखती है ?

रेल विभाग में राज्य मंत्री (श्री माधव राव सिंधिया) : (क) और (ख) 1977 से 1980 तक टिस्को द्वारा लोहे के स्लीपरों की जाली बुकिंग और रेलवे और टिस्को के अधिकारियों के विरुद्ध दर्ज किये गये किसी मामले की सूचना नहीं है ।

(ग) और (घ) प्रश्न ही नहीं उठता ।

राज्य के शिक्षा मंत्रियों का सम्मेलन

264. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव :**
श्रीमती कनक मुखर्जी :
श्री चिमनभाई मेहता :
श्री रामसिंहभाई पातलीया-भाई राठवा :

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) शिक्षा मंत्रियों के सम्मेलन में चर्चा के मुख्य-मुख्य मुद्दे क्या थे ;

(ख) प्राथमिक, माध्यमिक और व्यावसायिक शिक्षा के बारे में हुए विचार-विमर्श का ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या शिक्षा नीति तैयार करने के बारे में कोई विचार-विमर्श हुआ था ; और

(घ) क्या सम्मेलन में हुई चर्चा का आधार देश की भावनात्मक एकता और अखण्डता था ?

शिक्षा और संस्कृति विभागों में राज्य मंत्री (श्रीमती सुशीला रोहतगी) : (क) से (घ) राज्यों में संघ शासित क्षेत्रों के शिक्षा मंत्रियों का सम्मेलन, जो 23–24 जनवरी, 1986 को हुआ था, ने नई शिक्षा नीति से संबंधित प्राथमिकताओं पर चर्चा की और निम्नलिखित विषयों पर बल दिया :

(1) शिक्षा की राष्ट्रीय पद्धति का सृजन करना ।

(2) गैर-औपचारिक शिक्षा सहित प्रारम्भिक शिक्षा को सर्वसुलभ बनाना ।

(3) माध्यमिक शिक्षा और व्यावसायीकरण ।